# SANSKRITI IAS

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/minervarya-pentali

• दिल्ली विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने 'पश्चिमी घाट' में मेंढक की एक नई प्रजाति मिनरवेरिया पेंटाली की खोज की है। यह प्रजाति **दक्षिण पश्चिमी घाट मुख्यतः केरल एवं तमिलनाडु की स्थानिक प्रजाति** है।

• यह खोज विशाल, सामान्य तथा भारतीय मेंढकों के एक भ्रमित समूह 'मिनरवेरिया प्रजाति' (सामान्य नाम: मिनरवेरियन मेंढक) पर एक व्यापक अध्ययन के दौरान की गई थी। नई खोजी **गई प्रजाति सबसे छोटे ज्ञात मिनरवेरियन मेंढकों में से एक** है।

• यह प्रजाति **डिक्रोग्लोसिडे (Dicroglossidae)** कुल से संबंधित है। इसकी पहचान कई मानदंडों जैसे, बाहरी आकृति विज्ञान, डी.एन.ए. तथा कॉलिंग पैटर्न के आधार पर की गई है। **इस प्रजाति का नाम दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं प्रसिद्ध पादप आनुवंशिकीविद् प्रो. दीपक पेंटल के नाम पर रखा है**।

• पश्चिमी घाट में उभयचर विविधता विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यहाँ **सभी ज्ञात भारतीय प्रजातियों (450 प्रजातियों) की लगभग आधे से अधिक प्रजातियाँ पाई जाती** हैं। इनमें से 90% से अधिक इस क्षेत्र की स्थानिक प्रजातियाँ हैं, अर्थात वे विश्व में कहीं और नहीं पाई जाती हैं।